अयोध्या में पंचम दीपोत्सव का आयोजन

चर्चा में क्यों?

3 नवंबर, 2021 को अयोध्या में सरयू तट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में पाँचवे दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2017 से ही छोटी दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- इस बार आयोजित पाँचवे दीपोत्सव में 11 लाख 90 हज़ार दीप जलाए गए, जिनमें से 9 लाख 54 हज़ार जलते दीपों का विश्व रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ।
- दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा अंत्योदय और बीपीएल कार्ड-धारकों को होली तक मुफ्त राशन देने की घोषणा की गई, जिसके तहत अंत्योदय कार्ड-धारकों को प्रति माह 35 किग्रा. चावल और गेहूँ के साथ दाल, 1 लीटर खाद्य तेल, नमक और चीनी प्रदान की जाएगी, जबकि बीपीएल कार्ड-धारकों को प्रति यूनिट 5 किग्रा. चावल और गेहूँ के साथ दाल, 1 लीटर खाद्य तेल और नमक दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pancham-deepotsav-organized-in-ayodhya